राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल की प्रख्यात विज्ञान लेखक जयंत नार्लीकर के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 20 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रख्यात विज्ञान संचारक पद्म विभूषण डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड विज्ञान के क्षेत्र के अग्रणी श्री नार्लीकर ने विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का महती कार्य ही नहीं किया बल्कि इसे आम जन को किस्से कहानियों के रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने कहा कि यह विज्ञान क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से स्व. नार्लीकर की पुण्यात्मा की शांति और उनके परिजनों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की है।

———